# उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ
ई–मेल : hajcommittee.up@gmail.com, shcuplko@rediffmail.com
वेबसाइटः hajcommittee.up.gov.in

पत्रांक : जी–।।/1284/एस.एच.सी/2025 दिनांक : 06/10/2025

## –: प्रेस विज्ञप्ति :–

हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा सकुर्लर–12, दिनांक 06 अक्टूबर, 2025 को जारी किया गया है जिसमें हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन हेतु आवश्यक निर्देश निम्नवत हैं:–

1. ऑनलाइन आवेदन दिनांक 07 अक्टूबर, 2025 से आरम्भ हो जाएगा जो दिनांक 20 अक्टूबर, 2025 तक जारी रहेगा।
2. ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर किया जायेगा।
3. कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (सी0बी0टी0) हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा 08 नवम्बर, 2025 को की जाएगी।
4. कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (सी0बी0टी0) में शार्टलिस्टेड परीक्षार्थियों का साक्षात्कार नवम्बर, 2025 के द्वितीय सप्ताह में होगा।
5. चयनित प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण मुम्बई में नवम्बर, 2025 के चौथे सप्ताह में सम्भावित होगा ।
6. केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे।
7. 150 हज आवेदकों पर 01 प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा।
8. आवेदकों की न्यूनतम शिक्षा इण्टरमीडिएट/12वीं पास या समकक्ष होना आवश्यक है। स्नातक जिनको सूचना तकनीकी का ज्ञान होगा को वरीयता दी जाएगी।
9. प्रशिक्षक हेतु आयु 07 अक्टूबर, 2025 को 25 वर्ष से 60 वर्ष के मध्य होना आवश्यक है।
10. पुरुष/महिलाओं का चयन पुरुष/महिला हज यात्रियों की संख्या के अनुपात में किया जायेगा।
11. गत पॉच वर्षो में हज किया होना आवश्यक है।
12. अंग्रेज़ी/उर्दू/हिन्दी व स्थानीय भाषा बोलने व समझने में निपुण हो।
13. मानसिक एवं शारीरिक रुप से पूर्णतः स्वस्थ हो। कम्प्यूटर में निपुण हो, हज सुविधा एप से पूर्णतः भिज्ञ हों।
14. हज के अराकानों की जानकारी हो। भीड़/समूह को सम्बोधित करने व नियंत्रित करने का अनुभव हो।
15. आवेदक के विरुद्ध किसी भी आपराधिक प्रकरण में कार्यवाही लम्बित न हो।
16. कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (सी0बी0टी0) 100 अंक व साक्षात्कार 20 अंक के संयुक्त अंकों की मेरिट के आधार पर चयन होगा।
17. उत्तीर्ण होने के लिए कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (सी0बी0टी0) व साक्षात्कार में अलग–अलग न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है।

/
(एस.पी.तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज।
3. मा0 अध्यक्ष/मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
6. समस्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
7. समस्त ई–सुविधा केन्द्र/प्रशिक्षक, समस्त जनपद, उ0प्र0।
8. ज़िला सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 ।

Digitally signed by
Sheo Prakash Tiwari
Date: 06-10-2025
16:44:03

(एस.पी.तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी